श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

नई दिल्ली-११००१६

द्वितीय स्मरण पत्र

क्रमांक:- एफ3/8/ल.ब.शा./2020-21/2726

दिनांक :- 26.11.2020

अत्यावश्यक सूचना

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शास्त्री तृतीय वर्ष (पंचम सेमेस्टर) में प्रोन्नत छात्रों की ऑनलाईन माध्यम से कक्षाएं आरम्भ हो चुकी है। कार्यालय सूचना संख्या-एफ3/8/ल.ब.शा./2020-21/2503 दिनांक 14.09.2020 एवं एफ3/8/ल.ब.शा./2020-21/2576 दिनांक 08.10.2020 के अनुसार छात्रों को सूचित किया गया था कि उन्हें विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली तथा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार स्वशास्त्रसम्बद्धवैकल्पिक-पाठ्यक्रम (साहित्यम्, व्याकरणम्, दर्शनम्, वैदिकसाहित्यम्, ज्योतिषम्, धर्मशास्त्रम्, वास्तुशास्त्रम्, पौराणिकसाहित्यम्, प्राकृतम्) से सम्बन्धित विषय में से किसी एक विषय का चयन करना अनिवार्य होगा, जिसके दो पत्र होगें। सभी छात्रों को विकल्प विषय का चयन कर अपने-अपने विभागाध्यक्ष को दिनांक 16.09.2020 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करना अनिवार्य था। प्राय: यह पाया गया है कि अभी तक कुछ छात्रों द्वारा ही अपने विषय का चयन कर शैक्षणिक विभाग को प्रेषित किया गया है। इस संम्बन्ध में सम्बन्धित छात्रों को पुन: सूचित किया जाता है कि वे अपने (डी.एस.ई.) विषय का चयन कर शीघ्रातिशीघ्र शैक्षणिक विभाग/विभागाध्यक्ष को सूचित करने का कष्ट करें। छात्रों द्वारा यदि विषय का चयन नहीं किया जाता है तो छात्र स्वंय इसके लिए जिम्मेदार होगा।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकाय प्रमुख
2. समस्त विभागाध्यक्ष
3. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वे सूचना को वेबसाइट पर उपलब्ध करवायें।
4. कार्यालय आदेश पत्रावली

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)